रविवासरीय
हिन्दुस्तान
1936
रविवार
4 सितंबर 2022, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत 2079, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO 08, MIDDLE

मेडिकल के पीजी, यूजी और पैरामेडिकल के 259 विद्यार्थियों को दी गईं डिग्रियां, टॉपर सात विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

दीक्षांत समारोह में मेडल पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।

एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के नौवें दीक्षांत समारोह में शनिवार को 259 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इस मौके पर मेडिकल और पैरामेडिकल के 34 विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन कर ट्राफी के साथ सर्टिफिकेट हासिल किये। इनमें मेडिकल में पीजी और यूजी के पांच विद्यार्थियों तथा पैरामेडिकल के दो विद्यार्थियों को अपने- अपने बैच में ओवरऑल टॉपर रहने पर श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 51 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मेडल पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे।

समारोह की अध्यक्षता एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने की जबकि दीक्षांत संबोधन पद्म भूषण डा. बीके राव ने दिया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक, चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि कोई भी मंजिल मेहनत से हासिल की जा सकती है। ऐसे में अपने सपने साकार करने के लिए पर्याप्त परिश्रम जरूरी है। अध्यक्षीय संबोधन में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति डा. केपी सिंह विद्यार्थियों से कहा कि डिग्री यूं ही नहीं मिल जाती। इसे हासिल करना पड़ता है।

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एके सिंह ने कहा कि आज डिग्री हासिल करने का बाद विद्यार्थियों के नाम के आगे डाक्टर लग गया। इससे आप सबकी जिम्मेदारी अब ज्यादा बढ़ गई है। क्योंकि यह डिग्री मानवसेवा के प्रति संकल्प है।

इसकी मर्यादा बनाए रखें। पद्म भूषण डाक्टर बीके राव ने विद्यार्थियों को मां-बाप और गुरुओं के प्रति जिंदगी भर आभारी रहने का संदेश दिया। एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के शतिक प्रेक्षागृह में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।

सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के बाद संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति ने अतिथियों और विद्यार्थियों के परिजनों का स्वागत किया।

एसआरएमएस में शनिवार को नौवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। • हिन्दुस्तान

दीक्षांत समारोह में ये लोग रहे मौजूद

समारोह में सभी का स्वागत कालेज के प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता ने किया और सभी का आभार मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डा. आरपी सिंह ने किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुरेश सुंदरानी, बरेली कॉलेज के प्राचार्य डा. ओपी राय, डा. अनुराग मोहन, डा. वंदना शर्मा, डा. आलोक खरे, प्रवीण कुमार, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार सहित सभी विभागों के फैकल्टी और इंचार्ज मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों ने शपथ ली। • हिन्दुस्तान

ट्राफी, मेडल और सर्टिफिकेट हासिल करने वाले विद्यार्थी

- डा. कृतिका मेहरोत्रा, एमडी, श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 51 हजार रुपये
- डा. स्वर्णीत भामरा, एमडी, श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 51 हजार रुपये
- डा. शुभि अग्रवाल, एमबीबीएस, श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 51 हजार रुपये, श्रीमती रामदेवी यादव गोल्ड मेडल व डा. ओएन व्यास गोल्ड मेडल, पांच हजार रुपये नकद
- डा. साक्षी बंसल, एमबीबीएस, श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 51 हजार रुपये, डा. ओएन व्यास गोल्ड मेडल व पांच हजार रुपये नकद, डा. वीके त्रेहन गोल्ड मेडल व डेढ़ हजार रुपये नकद
- डा. अवंतिका छिमवाल, एमबीबीएस, श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 51 हजार रुपये, डा. निर्मल यादव गोल्ड मेडल व पांच हजार रुपये नकद, डा. वीके त्रेहन गोल्ड मेडल व पांच हजार रुपये नकद
- रिया जायसवाल, पैरामेडिकल, श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 11 हजार रुपये
- शिवांगिनी शर्मा, पैरामेडिकल, श्रीराममूर्ति गोल्ड मेडल व 11 हजार रुपये
- डा. साई देवव्रत, एमडी, श्री गिरीश प्रसाद गोल्ड मेडल
- डा. अंशिका अरोड़ा, एमएस, श्रीमती द्वारका प्रसाद गोल्ड मेडल
- डा. अनुज्ञ सेंगर, एमबीबीएस, श्रीराममूर्ति सिल्वर मेडल, डा. निर्मल यादव गोल्ड मेडल व पांज हजार रुपये नकद, इंजीनियर सुभाष मेहरा गोल्ड मेडल
- डा. आयुषि अग्रवाल, एमबीबीएस, डा. वीके त्रेहन गोल्ड मेडल व पांच हजार नकद
- डा. असीम यादव, एमबीबीएस, श्रीराममूर्ति सिल्वर मेडल, श्रीमती रामदेवी यादव गोल्ड मेडल, डा. वीके त्रेहन गोल्ड मेडल व डेढ़ हजार रुपये नकद
- डा. नकुल गुप्ता, एमबीबीएस, श्रीराममूर्ति ब्रांज मेडल, डा. निर्मल यादव गोल्ड मेडल व पांच हजार रुपये नकद, डा. वीके त्रेहन गोल्ड मेडल व डेढ़ हजार रुपये नकद
- डा. सौमिक चटर्जी, एमबीबीएस, इंजीनियर सुभाष मेहरा गोल्ड मेडल
- डा. मोनिका सिंह सेंगर, एमबीबीएस, श्रीमती रामदेवी यादव गोल्ड मेडल
- डा. अरुण कुमार, एमबीबीएस, डा. ओएन व्यास गोल्ड मेडल व पांच हजार नकद
- डा. अश्फिया जावेद, एमबीबीएस, इंजीनियर सुभाष मेहरा गोल्ड मेडल